निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

6 फाल्गुन 1940 (श0)
(सं0 पटना 269) पटना, सोमवार, 25 फरवरी 2019

केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना

अधिसूचना
21 फरवरी 2019

सं0 02/परी0–01(राज0)–12/2018–409—सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या–14393 दिनांक 15.11.2017 द्वारा विभिन्न विभागीय परीक्षा का आयोजन एवं समय–समय पर पाठ्यक्रम में यथा संशोधन का दायित्व केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को प्रदान किया गया है। उक्त आलोक में राजपत्रित पदाधिकारियों/कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा के लिए पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक 01.12.2017 द्वारा पुनरीक्षित पाठ्यक्रम में विषय एवं विषय कोड निर्धारित किया गया है।

दिनांक 10.08.2018 एवं दिनांक 06.12.2018 को केन्द्रीय परीक्षा समिति की आयोजित बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों तथा क्षेत्रीय समाहरणालयों के आशुलिपिकों/आशुटंककों तथा राजपत्रित पदाधिकारियों की विभागीय परीक्षा हेतु निर्धारित विषय कोड एवं पाठ्यक्रम में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

1. पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक 01.12.2017 द्वारा अधिसूचित विषय कोड–26 ''आशुलेखन'' हेतु पूर्व निर्धारित पूर्णांक 200 के स्थान पर कुल शब्द 320 तथा समय 3 घंटें के स्थान पर श्रुतिलेखन हेतु लेखापन 4 (चार) मिनट शुद्धिकरण हेतु 2 मिनट तथा टंकण हेतु 20 मिनट निर्धारित किया जाता है।

2. विषय कोड–27 ''टंकण'' में अंकित पूर्णांक 200 के स्थान पर कुल शब्द 300 तथा टंकण हेतु समय 3 घंटे के स्थान पर 10 मिनट निर्धारित किया जाता है।

3. पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक 01.12.2017 की कंडिका–5 में परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित उत्तीर्णांक 50% के स्थान पर राजपत्रित पदाधिकारियों के विभागीय परीक्षा के लिए सभी विषय कोड में उत्तीर्णांक 60%

निर्धारित किया जाता है, जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति के सदस्यो के लिए 10% की छूट अनुमान्य होगा। अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए पूर्व निर्धारित उत्तीर्णांक 50% तथा अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति का उत्तीर्णांक 40% प्रतिशत यथावत रहेगा।

4. अधिसूचना में सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति प्राप्त हैं।

केन्द्रीय परीक्षा समिति,
राजस्व पर्षद, बिहार के आदेशानुसार,
सुरेन्द्र झा,
सचिव,
राजस्व पर्षद।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 269-571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in